भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 27.01.2025

## आरेडिका के हरित ऊर्जा के क्षेत्र में बढते हुए कदम

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में दिनांक 27.01.2025 को आरेडिका के विद्युत विभाग के द्वारा सामग्री परीक्षण प्रयोगशाला (मैटरियल टेस्टिंग लैबोरेट्री) की छत पर 157.5 किलोवाट के रूफटॉप सोलर पैनल की स्थापना की गई। इस नवनिर्मित रूफटॉप सोलर पैनल का उद्घाटन महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

आरेडिका के प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हरीश चन्द्र ने बताया कि नवनिर्मित रूफटॉप सोलर पैनल के निर्माण से आरेडिका का कुल सोलर ऊर्जा क्षमता 3.92 मेगावाट हो गयी। इस संयंत्र की स्थापना से रेलवे राजस्व की बचत होगी साथ ही कार्बन फुट प्रिन्ट जैसे मानको में कमी आएगी एवं हरित ऊर्जा तथा स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में वृद्धि होगी।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान वित्त सलाहकार श्री बीएल मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हरीश चन्द्र, और प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र, एसडीजीएम एवं सीवीओ अकमल बदूद सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आरेडिका में रक्तदान शिविर का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में दिनांक 27.01.2025 को आरेडिका चिकित्सालय एवं एम्स रायबरेली के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रेलवे कर्मियों एवं उनके परिवार के सदस्य ने रक्तदान कर किसी अनजान व्यक्ति की जान बचाने का पुण्य कार्य किया। आरेडिका प्रशासन ने शिविर के लिए सभी प्रकार के संसाधनों की व्यवस्था कर मानवता का संदेश दिया जिसके फलस्वरूप शिविर का सफल आयोजन संभव हो सका।

(आर.एन.तिवारी) 27/01/2025
मुख्य जन संपर्क अधिकारी